आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 168 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 22 जून, 2025

# योग दिवस पर भारत में बने वर्ल्ड रिकॉर्ड, गिनीज बुक में दर्ज हुआ गुजरात और आंध्र प्रदेश का नाम

**एजेंसी ● वडनगर/विशाखापत्तनम**

पूरे देश में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। भारत ने योग दिवस पर विशेष उपलब्धि हासिल की। गुजरात और आंध्र प्रदेश ने योग में रिकॉर्ड कायम करते हुए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात और गृह नगर वडनगर ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यहां दो हजार लोगों ने दो मिनट नौ सेकेंड तक भुजंगासन करके यह उपलब्धि हासिल की। वहीं आंध्र प्रदेश ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। यहां तीन लाख लोगों ने एक साथ योग करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं 2,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक रिचर्ड स्टनिंग ने बताया कि योग में कोबरा मुद्रा (भुजंगासन) करने वाले सबसे अधिक लोगों का रिकॉर्ड शनिवार को बना। हमने रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 250 तय की थी। उन्हें कम से कम एक मिनट के लिए कोबरा मुद्रा में योग करना था। करीब 2184 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया और दो मिनट और नौ सेकेंड तक 2121 प्रतिभागियों ने योग किया। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा।

**गुजरात के लिए गर्व का क्षण** – गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने एक्स पर लिखा कि गुजरात और भारत के लिए गर्व का क्षण। वडनगर में खूबसूरत शर्मिष्ठा झील पर 2,121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया। जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। भुजंगासन रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन में सुधार करता है। पीठ को मजबूत करता है और फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है। इस विश्व रिकॉर्ड के लिए और स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति आपकी बढ़ती जागरूकता के लिए गुजरात के लोगों को बधाई। वडनगर का प्राचीन शहर, आध्यात्मिकता, कला और संस्कृति का संगम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मस्थान है। यहां योग के दौरान एक शांत और भव्य दृश्य देखने को मिला, जिसमें योग ने पूरे स्थान को अलौकिक सौंदर्य से भर दिया। प्रधानमंत्री मोदी का आभार। योग भारत के ऋषियों द्वारा दिया गया ज्ञान का एक शाश्वत उपहार है।

## मोदी बोले- योग एक 'पॉज बटन' जैसा, जिसकी दुनिया को जरूरत



### पीएम मोदी ने किया योग को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

इससे पहले आंध्रप्रदेश में बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चाहे सिडनी ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, एवरेस्ट की चोटियां हों या समुद्र का विस्तार। हर जगह संदेश एक ही है - योग सभी का है और सभी के लिए है। योग की वैश्विक स्वीकृति सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह मानव कल्याण के लिए एक संयुक्त प्रयास है। पीएम ने कहा कि साथियों दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस 'पॉज बटन' की तरह है जिसकी इंसानियत को जरुरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा कि जहां योग सिर्फ पर्सनल प्रेक्टिस न रहे बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बने। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं। जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। साथियों मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है। जब व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज की सोचता है तभी पूरी मानवता का हित होता है। भारत की संस्कृति हमें सर्वे भवंतु सुखन: रही है।

### लोगों ने इतिहास रचा : नायडू

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। यहां तीन लाख लोगों ने एक साथ योग करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं 2,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। विशाखापत्तनम में तीन लाख से अधिक लोग योग करने के लिए एकत्र हुए और इतिहास रच दिया। वहीं करीब 22,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार किए। पूरे आंध्र प्रदेश में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग में भाग लेने के लिए 2.45 करोड़ लोगों ने पंजीकरण कराया।

## मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के साथ किया योगाभ्यास




**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का इस अवसर पर सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, सांसद श्री वी.डी. शर्मा तथा श्री आलोक शर्मा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है, और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टांग योग दर्शन के रचयिता महर्षि पतंजलि को प्रणाम कर, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए मानवता को योग का वरदान देने के लिए उनका आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 21 जून का दिन खगोलीय गणना की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। आज के दिन भगवान सूर्यनारायण उत्तरायण की यात्रा पूरी कर दक्षिणायन में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग के माध्यम से भारत के मूल दर्शन और जीवन शैली से विश्व को परिचित कराया है। समूची वंसुधरा को परिवार मानते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोविड के दौर में देश के लोगों को बचाने के साथ-साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करा कर लोगों की जान बचाई।

## डोंगला की प्रतिष्ठा पर दिया जाएगा विशेष ध्यान : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में " खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा'' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा। डोंगला की महत्ता सर्वविदित है। राज्य सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक शोध के लिए कटिबद्ध है। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर और अधिक रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन भारतीय ज्ञान का समन्वय करते हुए आज के युग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन द्वारा कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ऐतिहासिक महत्व,महापुरुषों और नगरी की प्रतिष्ठा पर चर्चा करते हुए सिंहस्थ स्नान के परम आध्यात्मिक आनंद को भी वर्णित किया।

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि डोंगला भारतीय काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। भारतीय काल गणना में सूक्ष्म गणना को महत्व दिया गया है। डोंगला में प्राचीन भारतीय विरासत देखने को मिलती है, जहां विज्ञान आधारित शुद्ध भारतीय ज्ञान है । वैज्ञानिक डॉ. श्रीनिवासन ने राज्य शासन द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ. अरविंद रानाडेने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सराहनीय कदम उठाए गए हैं। वे आमजन के साथ वैज्ञानिक समुदाय में भी लोकप्रिय है। राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश में नव प्रवर्तकों को आगे लाने के साथ ही नवाचार के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करेगा। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स तथा स्पेस टेक्नोलॉजी के सामंजस्य पर कार्य किया जा रहा है। उज्जैन तथा डोंगला काल गणना का केंद्र है। कार्यशाला कोमहाप्रबंधक आरआरएससी सेंट्रल इसरो भारत सरकार डॉ. जी. श्रीनिवासन तथा प्रोफेसर मूर्ति ने भी संबोधित किया ।

**एमओयू हुआ साइन:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान परंपरा डिवीजन नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मध्य एमओयू साइन किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमाणीकरण दस्तावेजीकरण तथा मानकीकरण का कार्य किया जाएगा । इसके अलावा आगामी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ड्रोन एवं रोबोटिक्स हैकाथॉन पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही आगामी जनवरी में भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा एमपीसीएसटी द्वारा आयोजित की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

## पाक को कभी नहीं मिलेगा सिंधु का पानी : शाह

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगी। यह फैसला पाकिस्तान की लगातार शांति और विकास की भावना के उल्लंघन के कारण लिया गया है।

शाह ने यह भी बताया कि सिंधु नदी का पानी अब पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत के राज्यों जैसे राजस्थान के खेतों में बहेगा। शाह ने एक इंटरव्यू में कहा कि हमने संधि को निलंबित किया है। इसे एकतरफा रद्द नहीं किया जा सकता, लेकिन हमें इसे रोकने का अधिकार था और हमने वही किया। केंद्र सरकार राजस्थान तक पानी पहुंचाने के लिए विशेष नहर परियोजना पर काम शुरू करेगी, ताकि भारत अपने हिस्से का पानी पूरी तरह इस्तेमाल कर सके।

अमित शाह के इस बयान से यह भी साफ हो गया है कि आने वाले समय में भारत केवल सीमा पर नहीं, बल्कि पानी जैसे अहम संसाधनों को हथियार बनाकर भी पाकिस्तान को जवाब देगा। भारत ने अपने निर्णय से दुनिया को यह भी संदेश दिया है कि आतंक और बातचीत एक साथनहीं चलसकते।

## इजरायल के निशाने पर ईरानी खुफिया एजेंसियां

**एजेंसी ● तेहरान**

मिडिल ईस्ट इस समय भयावह उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुई जंग भयावह रूप ले चुकी है। दोनों ओर से शहर के शहर तबाह हो रहे हैं, लोगों का पलायन जारी है। इस बीच बीते 12 घंटे में इजरायल ने ईरान पर जबरदस्त वार किए हैं। इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर हमले से लेकर ईरान की खुफिया एजेंसी के तीनवरिष्ठ सैन्य कमांडर सहित कुल 15 सैनिकों को मार गिराया गया है।

इजरायल ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) की कुद्स फोर्स की वेपंस ट्रांसफर यूनिट (यूनिट 190) के कमांडर बहनाम शाहरियारी का खात्मा कर दिया है। उन्हें इजरायल से लगभग 1000 किलोमीटर दूर उनके वाहन में ही उस समय ढेर किया गया, जब वह पश्चिमी ईरान की ओर जा रहे थे। उन परमिडिल ईस्ट में अपने प्रॉक्सी सहयोगियों तक हथियार पहुंचाने की जिम्मेदारी थी। इजरायल को तबाह करने की मंशा के साथ वह वर्षों से आतंकी संगठनों को हथियार मुहैया करा रहे थे। वह सीधे तौर पर हिज्बुल्लाह, हौती और हमास जैसे संगठनों के साथ काम कर रहे थे। उन्हें मिसाइलें और रॉकेट सहित अत्याधुनिक हथियार मुहैया करा रहे थे।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायल को तबाह करने की योजना बना रहे ईरान की सेना के एक वरिष्ठ कमांडर सईद इजादी को कौम में मार गिराया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बने शिक्षक

## परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली अद्भुत खगोलीय घटना डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन से समय परिवर्तन और काल गणना को भी समझाया। उन्होंने शिक्षक के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार खगोलीय विज्ञान की जानकारी सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को समझाई।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, जनप्रतिनिधि श्री राजेश धाकड़, श्री बहादुर सिंह चौहान, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, श्री शिवकुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



क्षितिज वृत्त के धरातल पर निर्मित इस चबूतरे के मध्य में एक शंकु लगा हुआ है, जिसकी छाया से सूर्य का वेग लिया जाता है। इस गोल चबूतरे पर तीन रेखाएँ खींची हैं, जो सूर्य के उत्तरायण व दक्षिणायण की विभिन्न स्थितियों को दर्शाती हैं। सूर्य उत्तरायण के अन्तिम बिन्दु (राजून) पर जब होता है तब डोंगला में विशेष खगोलीय घटना होती है। दोपहर में 12:28 बजे शंकु की छाया लुप्त हो जाती है।

इस घटना में यह सिद्ध होता है कि सूर्य की उत्तर परम क्रान्ति (23-26') व डोंगला के अक्षांश समान हैं। इस दिन (राजून) दिनमान सबसे बड़ा होता है। तत्पश्चात् सूर्य दक्षिणायण की ओर गमन करने लगता है व दिनमान क्रमशः छोटा होने लगता है। इसी क्रम में जब सूर्य वृत्त (23 सेप्टेम्बर) पर होता है तो दिन-रात बराबर हो जाते हैं। दक्षिणायण के अन्तिम बिन्दु (मकर रेखा) पर सूर्य आ जाने की स्थिति में इस मन्त्र पर स्थापित शंकु की छाया सबसे लम्बी दिखाई देती है और दिनमान सबसे छोटा (22 दिसम्बर) होता है।

पुनः अगले दिन से उत्तरायण आरम्भ होकर क्रमशः दिनमान तिल-तिल मात्रा में बड़ा होने लगता है। उत्तरायण के मध्य बिन्दु (२२ मार्च) पर सूर्य विषुवद् वृत्त पर होकर पुनः दिन-रात बराबर हो जाते हैं और यही समय मेष संक्रान्ति भारतीय नव वर्ष प्रारम्भ का समय है।

इस यन्त्र से हम सूर्य के सायन भोगांश व क्रान्ति ज्ञात कर सकते हैं। पलभा द्वारा तत् स्थानीय अक्षांश ज्ञात किये जा सकते हैं व दिशाज्ञान भी हमें इस मन्त्र के माध्यम से ठीक-ठीक ज्ञात हो जाता है। सूर्य का उत्तरायण व दक्षिणायण गमन पृथ्वी के अक्षीय झुकाव का परिणाम है।

### खुशनुमा मौसम में किया सामूहिक योग

# विण्ड एण्ड वेव्स में हुआ योग व जुम्बा सेशन का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**





11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा आज निगम की इकाई विण्ड एण्ड वेव्स भोपाल में योग सत्र व जुम्बा सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विण्ड एण्ड वेव्स के सी डेक पर राजधानीवासियों और युवाओं ने खुशनुमा मौसम में बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों,ने भी योग व जुम्बा सत्र में पार्टिसिपेट कर सभी का उत्साहवर्धन किया। सुबह 7:00 बजे से प्रारंभ हुए इस योग सत्र में योगाचार्य विजयेता जैन ने योगाभ्यास कराया, वहीं सुबह 7:30 बजे से जुम्बा सेशन में ने अलग अलग म्यूज़िक रिदम के साथ एक्सरसाइज करायी गई इस सेशन में भी खासी संख्या में राजधानीवासियों ने भी अधिक उत्साह दिखाया। पर्यटन की प्रदेश में स्थित विभिन्न इकाईयों में योग सत्र का आयोजन निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा ने बताया कि आज 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निगम की प्रदेश में स्थित विभिन्न इकाईयों में पर योग सत्र का आयोजन किया गया था, इन होटल्स और रिसोर्ट्स में स्टे (stay) करने वाले अतिथियों के साथ होटल रिसोर्ट्स के स्टॉफ ने भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास में भाग लिया। स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर योग दिवस यहां बता दें कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम 'Yoga for One Earth One Health' सोसायटी है जिसका अर्थ है की एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग इस थीम का अर्थ है सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता से है।

**आयोजन**

## भोपाल रेल मंडल में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न





मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 21 जून 2025 को पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया। यह आयोजन हबीबगंज स्थित नर्मदा क्लब के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। साथ ही मंडल के सभी स्टेशनों पर योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगाचार्य डॉ. सुरुचि जैन के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, डब्ल्यूडब्ल्यूओ अध्यक्षा श्रीमती गुंजन त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विजय सिंह सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। योगाभ्यास उपरांत मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'योग शपथ' दिलाई और दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है, जो प्रत्येक रेलकर्मी के लिए तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन हेतु अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के योग दिवस पर राष्ट्र को संबोधित लाइव प्रसारण को भी सभी ने सामूहिक रूप से देखा एवं सुना। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित प्रतिभागियों को इस अवसर हेतु विशेष रूप से योगा टी-शर्ट भेंट की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक प्रेरणादायक बना। कार्यक्रम के समापन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिससे सहभागियों को आपसी संवाद और उत्साहवर्धन का अवसर मिला। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल न केवल अपने कार्य निष्पादन में अग्रणी है, बल्कि कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी समान रूप से प्रतिबद्ध है।

## पीएनबी ने मनाया वैश्विक एकता और पर्यावरणीय कल्याण पर केंद्रित 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। विभिन्न अंचलों, मंडलों और प्रधान कार्यालय में पीएनबी परिवार एकजुट हुआ एवं पर्यावरण-अनुकूल वातावरण में आयोजित संवादपरक योग सत्रों में भाग लिया । इन सत्रों में तनाव प्रबंधन, रिलैक्सेशन तकनीकों, और श्वास अभ्यास पर जोर देते हुए समग्र स्वास्थ्य के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। योग सत्र में पीएनबी एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक गण श्री कल्याण कुमार, श्री बिभु प्रसाद महापात्र व श्री डी सुरेंद्रन के साथ ही सभी अंचलों के मुख्य महाप्रबंधको, महाप्रबंधको व स्टाफ के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, इस दिन की भावना को बनाए रखते हुए, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और मंडल कार्यालयों ने आयुष मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से योग संगम 2025 के लिए पंजीकरण कराया। पीएनबी ने इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरुप व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरण संरक्षण के बीच गहरे संबंध पर जोर दिया। इस कार्यक्रम ने रेखांकित किया कि कैसे योग अभ्यास व्यक्तिगत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है साथ ही इस धरती के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरुकता पैदा करता है। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए, पीएनबी, एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहा: " भारत की सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित प्रथाओं में से एक योग, ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से सफलतापूर्वक वैश्विक पहचान हासिल की है, जिसे हर साल इसी दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग', खूबसूरती से इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे हमारा व्यक्तिगत कल्याण हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से संबद्ध है। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान या यहाँ तक कि दिन में केवल कई बार 'ओम' का जाप जैसी सरल आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके, हम अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार कर सकते हैं। आज की तेज़-तर्रार ज़िंदगी में, योग शरीर, मन और आत्मा को अनुकूलित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रुप में कार्य करता है। जो हमें स्वस्थ व्यक्ति और इस धरा का अधिक जागरुक संरक्षक बनने में मदद करता है। स्वस्थ वातावरण में एक स्वस्थ व्यक्ति एक आगे बढ़ते संगठन और सभी के लिए एक बेहतर भविष्य के निर्माण की कुंजी है।



## भाभा विश्वविद्यालय में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन



भाभा विश्वविद्यालय भोपाल में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ दिलीप कुमार डे, प्रति कुल पति डॉक्टर एन के अग्रवाल कुल सचिव डॉक्टर श्याम पाटकर, को विजय कुमार पुंज एवं अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर योग किया, योगाचार्य के रुप में अटल बिहारी हिंदी विश्वविद्यालय डॉक्टर राहुल शर्मा ने योग की ट्रेनिंग दी एवं इस आशय के साथ की रोज 1 घंटे का समय निकालकर योग करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार डे ने कहा कि योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, हम सभी जानते हैं कि योग सिर्फ एक अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो हमें अधिक संतुलित,स्वस्थ और आनंदपूर्ण जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करती है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सीईओ श्री श्री प्रसाद पिल्लई जी ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

**शॉट न्यूज**

### खेत पर कब्जा कर पिता पुत्र को धमकाया

**इंदौर**। गांधी नगर इलाके में एक बुजुर्ग के खेत पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बुजुर्ग और बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। गांधी नगर पुलिस ने फरियादी सत्यनारायण पिता डोली चंद चौधरी 60 साल निवासी गांधी नगर की रिपोर्ट पर भाई छगनलाल चौधरी इसके बेटे दीपक, पवन और केसरीमल के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी सत्यनारायण ने पुलिस को बताया कि उसका गांधीनगर में थे जिस पर उसके भाई और परिजन ने कब्जा कर सोयाबीन की फसल बो रहे थे। सूचना मिलने पर में और मेरा बेटा अर्जुन ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। गांधीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### एटीएम तोड़कर चोरी का प्रयास करते धराया

इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में बैंक का एटीएम तोड़कर रुपए चुराने का प्रयास करते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एटीएम पलसीकर कॉलोनी में है। फरियादी मोहित पिता मदन लाल निवासी छत्रीबाग के मुताबिक एटीएम का डिस्प्ले और तिजोरी का पैनल तोड़कर रुपए चुराते हुए आरोपी भारत उर्फ बबलू पिता धनीराम निवासी जोशी मोहल्ला महूनाका को रंगेहाथों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एटीएम मशीन तोड़ने के उपकरण भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी भारत ने बताया कि पूर्व में वह सेंट्रल बैंक के एटीएम में भी तोड़फोड़ का प्रयास कर चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है अन्य वारदातों की जानकारी मिलने की संभावना है। चौकीदार की सूचना पर दो चोरों को पकड़ा फरियादी विजय पिता केदार दुबे की औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड स्थित फैक्ट्री में चोरी करने घुसे दो चोरों को चौकीदार रमेश कौशल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पकड़ा।

## अस्पताल के गार्डों ने कार सवार युवक-साथी को डंडों से पीटा

**संवाददाता ● इंदौर**

खुड़ैल इलाके में निजी अस्पताल में गार्ड और कार सवारों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किए हैं। अस्पताल के गार्डों ने कार सवार युवक व साथी को डंडों से पीटा और कमरे में बंद कर दिया। उधर कार सवारों पर मारपीट का केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना इंडेक्स हॉस्पिटल मेन कैंपस में हुई। एक पक्ष से फरियादी तपेश पिता जयदीप वर्मा निवासी गणेश नगर, उज्जैन की रिपोर्ट पर गार्ड दीपक राजपूत और सुरेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी दोनों गार्ड ने ये कहकर विवाद किया कि अस्पताल में अंदर क्यों आए। गालियां दी और डंडों से मारपीट कर चोट पहुंचाई। मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी गार्डों ने रात 3.57 बजे से फरियादी और उसके दोस्त कनक को हॉस्पिटल के कमरे में बंद कर रोक कर रखा। पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी दीपक राजपूत पिता हिम्मतसिंह निवासी ग्राम धिंगरखेडा, कमलापुर जिला देवास की रिपोर्ट पर आरोपी तपीश पिता जयदीप वर्मा और कनक पिता कल्याणसिंह शिवहरे निवासी उज्जैन पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में गार्ड है। उसकी ड्यूटी मैन गेट पर थी। जब उसने कार को रोककर पूछा कि कार में कौन है तो आरोपियों ने कार से उतरकर गालियां दी और लात-घूसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

**जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन**

## रोजगार मेले में 208 युवक-युवतियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला काम

**संवाददाता ● इंदौर**



जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया। आयोजित रोजगार मेले में निजी कंपनी के 500 से अधिक रिक्त पदों के लिए 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उप संचालक रोजगार पीएस मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 342 आवेदनकर्ताओं का पंजीयन किया गया, जिसमें 112 आवेदिका और 230 आवेदक थे। कंपनियों के प्रतिनिधियो द्वारा कुल 208 का चयन किया गया, जिसमें 166 आवेदक और 42 आवेदिका शामिल हैं। रोजगार मेले में श्याम (टाटा) मोटर्स, मौजेक वर्क स्किल, ओसियन मोटर्स, राणा मोटर्स, आईआईएफएल सिक्योरिटी, शेफाली बिज़नेस सोल्यूशन, कैरीफास्ट लोजिस्टिक्स, बालाजी एल्युबूल्ट, वी फाइव ग्लोबल , निलंचल इंफ्रा, क्वेस कारपोरेशन आदि कंपनियों में युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से एच आर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग, हेल्पर, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, डिलेवरी बॉय, आदि पदों के लिए चयन किया गया ।

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के साथ विद्यार्थियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**संवाददाता ● भोपाल**





रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (RNTU), भोपाल में फार्मेसी संस्थान एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और आत्मिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। प्रातः 7 बजे से आयोजित यह कार्यक्रम इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" पर केंद्रित रहा, जिसका उद्देश्य व्यक्ति, समाज और प्रकृति के सामूहिक स्वास्थ्य में संतुलन स्थापित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राहुल शर्मा, सहायक प्रोफेसर, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, भोपाल ने योग के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, "योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति भी प्रदान करता है।" उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आधुनिक शोध यह सिद्ध कर चुके हैं कि नियमित योगाभ्यास तनाव, अवसाद और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को दूर करने में अत्यंत सहायक है।

डॉ. शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विभिन्न आसनों की विधि, लाभ एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उनका मार्गदर्शन प्रतिभागियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर डॉ. संगीता जौहरी, कुलसचिव, RNTU ने कहा कि वर्तमान समय में योग अत्यंत आवश्यक है। इसके नियमित अभ्यास से न केवल मानसिक तनाव में कमी आती है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने युवाओं को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। डॉ. सी.पी. मिश्रा, डीन, चिकित्सा विज्ञान संकाय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग अवश्य करना चाहिए। यह शरीर को ऊर्जावान बनाता है और रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रत्नेश पांडे एवं डॉ. दुर्गा पाण्डेय रहे। आयोजन में योग विभाग, फार्मेसी, चिकित्सा विज्ञान विभाग, तथा अन्य संकायों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। एनएसएस विभाग ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा योगाभ्यास सत्र में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष आकर्षण रहा योग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन, जिसने अपनी सटीकता, संतुलन और समर्पण से सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया और कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया।कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. दुर्गा पाण्डेय ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल एवं स्मरणीय बन पाया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# शहर में योग दिवस पर सिंधिया ने किया अभ्यास

## कहा- बेहतर जीवन के लिए व्यायाम आवश्यक


संवाददाता ● इंदौर

शहर में राजबाड़ा के गणेश हॉल में योग दिवस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनप्रतिनिधियों और लोगों के साथ योग किया। सिंधिया ने इस मौके पर कहा कि स्वस्थ शरीर में ही सकारात्मक विचार आते हैं। बेहतर जीवन शैली के लिए व्यायाम आवश्यक है। इस भारतीय योग विधा को विश्व के कई देशों ने अपनाया है। योग मित्र अभियान के अंतर्गत आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा द्वारा गोपुर चौराहे पर हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया। फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा द्वारा काल भैरव अष्टक का वाचन किया और ओम वाचन के साथ योग अभ्यास किया। इस अवसर पर विधायक मधु वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर परिषद सदस्य कमल वाघेला पार्षद, आरोग्य भारती कि टीम, योग मित्र अभियान के 85 वार्डों में प्रतिदिन योग अभ्यास करवाने हेतु प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। 'योग मित्र अभियान' से लाखों नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि स्वच्छता की तरह योग में भी इंदौर देश में प्रथम स्थान प्राप्त करे। योग मित्र अभियान ने इंदौर को केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में भी एक अग्रणी शहर बना दिया है।अब इंदौर स्वच्छता की राजधानी के साथ-साथ योग की भी राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, योग प्रशिक्षकगण एवं हजारों नागरिकों की भागीदारी रही। शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें बताया है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। सामूहिक योग प्रदर्शन के लिए आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान मंत्री सिंधिया के साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला भी मौजूद रहे। इंदौर में गोपुर चौराहे पर भी सामूहिक योग किया गया। अभिनेत्री अदा शर्मा ने शहवासियों के साथ योग के विभिन्न आसान किए। इसके अलावा अभय प्रशाल में भी योग दिवस पर हजारों लोगों ने योग कर रिकॉर्ड बनाया।
**राजवाड़ा पर लगा दिए पोस्टर -** योग दिवस भी सिंधिया समर्थकों ने अपने नंबर बढ़ाने में कसर नहीं रखी। राजवाड़ा पर पोस्टर लगाना प्रतिबंधित है, लेकिन चौक को पोस्टरों से पाट दिया गया।





## शॉट न्यूज

### पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने इलाके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों रुपये कीमत का अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी हैं। भंवरकुआं पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जुपिटर अस्पताल सर्विस रोड पावर ग्रिड के सामने से आरोपी भरत उर्फ छोटू उर्फ नितिन पिता राजेन्द्र चौधरी निवासी ग्राम बावलिया खुर्द थाना खुडैल को पकड़ा हैं।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 904 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी गांजा तस्करी के इरादे से घूम रहा था इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी हैं।

### एक लाख की ब्राउन शुगर सहित धराया

**इंदौर।** छत्रीपुरा पुलिस ने इलाके से एक पैडलर को एक लाख कीमत की ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एमओजी लाइन इलाके से घेराबंदी करते हुए आरोपी योगेश उर्फ भीम पिता जितेंद्र माने निवासी गडरिया मोहल्ला को हिरासत में लिया। आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उससे जुड़े तस्करों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया टाइम टेबल

## यूजी, पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन का तीसरा चरण 25 से

संवाददाता ● इंदौर

कॉलेज में एडमिशन के लिए तीसरे चरण और सीएलसी के लिए रजिस्ट्रेशन की तारीख घोषित हो चुकी है। छात्र इसके लिए 25 जून से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के कालेजों में स्नातक (यूजी) , स्नातकोत्तर (पीजी) और एनसीटीई कोर्स में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के दो चरण पूरे हो गए हैं। पहले चरण में कुल 1 लाख 20 हजार छात्रों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना प्रवेश शुल्क जमा कर दिया है। वहीं दूसरे चरण में पंजीयन की आखिरी तारीख भी पूर्ण हो चुकी है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कॉलेजों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई कोर्सों में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में अब तक लगभग 1 लाख 33 हजार छात्रों ने प्रवेश प्राप्त किया है। इनमें एनसीटीई पाठ्यक्रमों में लगभग 14 हजार विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है। अधिकारियों के अनुसार द्वितीय चरण के पंजीयन के लिए बुधवार अंतिम तिथि थी, पंजीयन के अंतिम दिन शाम 6 बजे तक लगभग एक लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन कर लिया है। इसमें स्नातक में लगभग 55 हजार, स्नातकोत्तर में 23 हजार, एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में लगभग 20 हजार विद्यार्थियों ने द्वितीय चरण में पंजीयन कराया है। अब तक कुल 5 लाख 15 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए पंजीयन कर लिया है। पिछले वर्ष दोनों चरणों में कुल 3 लाख 50 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। पिछले वर्ष की तुलना में इस सत्र में दो चरणों में लगभग 2 लाख अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।



दूसरे चरण के पंजीयन की तारीख समाप्त होने के बाद अब उच्च शिक्षा विभाग ने तीसरे चरण का टाइम टेबल जारी कर दिया है साथ ही सीएलसी चरण भी घोषित कर दिया है, तीसरा चरण और सीएलसी चरण 25 जून से शुरू होगा। 25 जून से 30 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। यूजी, पीजी तीसरे चरण की प्रक्रिया 10 जुलाई को पूरी होगी वहीं एनसीटीई कोर्स के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया 11 जुलाई को पूरी होगी।

## लव जिहाद के लिए फंडिग के आरोपी फरार पार्षद की तलाश जारी

### संपत्ति राजसात करने की तैयारी

संवाददाता ● इंदौर

लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग करने के आरोपी कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी अब भी फरार हैं।पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं।उधर अब आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर इनाम घोषित करने बाद पुलिस उसकी संपत्ति को राजसात करने की तैयारियां भी कर रही है। उसके सिमी से संबंध होने के बिंदू पर भी जांच की जाएगी। उधर, कादरी की पार्षदी समाप्त करने का मामला भी अब गर्मा गया है। बाणगंगा पुलिस ने पार्षद अनवर कादरी के खिलाफ पूर्व में लव जिहाद में पकड़े गए आरोपी साहिल शेख और अल्ताफ के बयानों के आधार पर केस दर्ज किया था। आरोप है कि युवतियों को प्रेमजाल में फंसाने और देह व्यापार में धकेलने के लिए तीन लाख रुपए दिए थे। एसीपी रुबीना मिजवानी के मुताबिक पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर आरोपी की तलाश में जुटी हैं, लेकिन पता नहीं चल पाया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि फरार 10 हजार के इनामी आरोपी पार्षद की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के बाद पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई के तहत उसकी संपति राजसात करने की प्रकिया भी करेगा। इस बीच उसके सिमी से संबंध होने के बिंदू पर भी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की ओर से मिले इशारे और बयान के बाद अनवर कादरी पर पूर्व में दर्ज गंभीर आपराधिक प्रकरण व आपत्तिजनक आरोपों के आधार अब राजनीतिक तौर पर ये मांग भी जोर पकड़ रही है।

### स्कूल-कॉलेज होंगे केंद्र, 101 स्कूलों को किया तंबाकू मुक्त घोषित, स्कूल और कॉलेज में नशा मुक्ति कमेटियों का होगा गठन

# शहर में नशा मुक्त भारत अभियान को मिलेगी नई रफ्तार

संवाददाता ● इंदौर

इंदौर जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में न केवल जनजागरूकता गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा, बल्कि तंबाकू नियंत्रण को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। अब स्कूलों, कॉलेजों, कॉलोनियों और गांवों में विशेष रूप से जागरूकता और निगरानी की गतिविधियां चलाई जाएंगी।

**कार्रवाई**

यह निर्णय आज कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक में जिले में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि इंदौर में तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत अभिनव पहल करते हुए अब तक 101 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। इस कार्य को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।



**शैक्षणिक संस्थानों में होगी विशेष पहल -** अभियान के अगले चरण में स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति कमेटियों का गठन किया जाएगा। शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें समाज में जागरूकता लाने के लिए सक्षम बनाया जाएगा।

### सामाजिक सहभागिता पर विशेष जोर

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सके। साथ ही चिन्हित कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्त गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएंगी। बैठक में मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ आर्गेनाईजेशन के मुकेश सिन्हा ने संस्था द्वारा नशा मुक्ति के क्षेत्र में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

### सिंहस्थ : श्रद्धालुओं को घाटों पर ऐसी सुविधा उपलब्ध होगी कि 24 घंटे में पांच करोड़ लोग पुण्य स्नान का लाभ ले सकेंगे

# 2028 होगा भव्य और ऐतिहासिक सदानीरा समागम : सीएम

संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ:2028 एक बड़ा धार्मिक आयोजन होगा. उन्होंने कहा कि यहां श्रद्धालुओं को घाटों पर ऐसी सुविधा उपलब्ध होगी कि 24 घंटे में पांच करोड़ लोग पुण्य स्नान का लाभ ले सकेंगे. शिप्रा के दोनों ओर करीब 30 किमी की लम्बाई में विकसित घाटों पर सुविधाजनक ढंग से स्नान संभव होगा. यह सिंहस्थ ऐतिहासिक सिद्ध होगा. मध्यप्रदेश जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर देश के लिए उदाहरण बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने भारत भवन में छह दिवसीय सदानीरा समागम का शुभारंभ करते हुए यह बात कही.

**सुविधा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल ऑक्सीजन भी प्रदान करता है. मध्यप्रदेश सरकार ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का अभियान संचालित किया. प्रदेश के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य चला. अनेक पोखर, जलाशय और बावड़ियों को पुनर्जीवन भी प्राप्त हुआ. इस अभियान में सरकार और समाज ने संयुक्त रूप से कार्य करके दिखाया है.

**खण्डवा जिला प्रथम स्थान पर** - देश में जल संरक्षण के कार्य में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले जिलों की सूची तैयार की गई तो भारत सरकार के मापदंडों के आधार पर मध्यप्रदेश का खण्डवा जिला प्रथम स्थान पर रहा. मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह पानी के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे. सदानीरा आयोजन में निरंतर 6 दिन विविध गतिविधियां हो रही हैं जिनमें जल एकाग्र डाकयू ड्रामा , फिल्में, गायन नदीनामा के अंतर्गत काव्यपाठ, नृत्य नाटिका आदि गतिविधियां शामिल रहेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश से ढाई सौ से अधिक नदियों का उद्गम और प्रवाह होता है. यहां तक कि पुण्य सलिला गंगा जी को जल सम्पन्न बनाने में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से निकली सोन नदी का भी योगदान है. बेतवा भी यमुना में जाकर समाहित होती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदानीरा समागम के स्वरूप की सराहना की. प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला ने सदानीरा समागम में छह दिन तक होने वाली गतिविधियों को विवरण दिया।

### कई पुस्तकों का भी लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष डाक्यूमेंट्री सीरीज और ग्रंथ सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश काव्य संग्रह और प्राचीन जल संग्रहण परम्परा पर केंद्रित पुस्तक जल धारा और पत्रकारिता पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया. इस अवसर पर प्रेम शंकर शुक्ला और डॉ जवाहर कर्नावट भी उपस्थित थे. वीर भारत न्याय, संस्कृति विभाग के इस आयोजन में जनसंपर्क विभाग, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पुरातत्व संचालनालय, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय,भारत भवन,मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रह संग्रहालय एवं भोपाल जिला प्रशासन भी सहयोगी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप जलाकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भारत भवन, भोपाल में सदानीरा समागम का शुभारंभ किया।

### गणमान्य अतिथि रहे मौजूद

इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने चित्र एवं शिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। नर्मदा पथ के अनेक स्थानों के चित्रों के छायाकार राजेन्द्र जांगले भी इस मौके पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक अतुल कोठारी, वीर भारत न्यास के संचालक श्रीराम तिवारी और अभिनेता अन्नू कपूर उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### घोड़ों की मौत का कारण बताएं कलेक्टर : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की मौत किन कारणों से हुई। इस संबंध में हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने जिला कलेक्टर को हलफनामा में जानकारी पेश करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा उपचाररत घोड़े की मेडिकल रिपोर्ट तथा उसके उपचार संबंधित जानकारी पेश करने को कहा गया है। अगली सुनवाई 25 जून को निर्धारित की गई है। जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हॉर्स पावर लीग के सूत्रधार हैं। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस करवाकर उन्होंने ट्रोपंग करेठस्ता नाम एप के माध्यम से फिलीपींस में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया।

### तेज रफ्तार से आ रही कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत

**भोपाल।** भोपाल के मिसरोद इलाके में गुरुवार को एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक पर सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय कृष्णाबाई लोधी निवासी विदिशा के रूप में हुई है। कृष्णाबाई अपने भांजे सचेंद्र लोधी के साथ बाइक से भोपाल आ रही थी। प्रकाश होटल के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने ओवरटेक करते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक से गिर पड़े, जिसमें कृष्णाबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भांजे सचेंद्र लोधी ने पुलिस को बताया कि हादसे के बाद वह कंटेनर का 11 मील रोड तक पीछा करता रहा, लेकिन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हालांकि पीछा करते हुए उसने कंटेनर का नंबर नोट कर लिया, जो पुलिस को सौंप दिया गया है।

### ग्वालियर में कोचिंग रूम में 11 वीं की छात्रा से रेप

**ग्वालियर।** ग्वालियर के चंदन नगर, घासमंडी क्षेत्र में 16 वर्षीय 11वीं की छात्रा के साथ कोचिंग रूम के अंदर रेप का मामला सामने आया है। आरोप उसी कोचिंग के टीचर और संचालक विपुल श्रीवास्तव पर लगा है। छात्रा ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके मुंह पर हाथ रखकर धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसे और उसके माता-पिता को जान से मार देगा। घटना सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे के बीच की है। मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रा ने घर जाकर मां को रोते हुए आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन तुरंत उसे लेकर ग्वालियर थाने पहुंचे। पुलिस ने तत्काल रेप और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## युवती ने सामूहिक दुष्कर्म की रची ऐसी कहानी पुलिस भी रह गई हैरान मां भी साजिश में शामिल

संवाददाता ● भोपाल/ छिंदवाड़ा




देहात थाना क्षेत्र में एक युवती की गुमशुदगी और उसके बाद सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत ने पुलिस को भी उलझन में डाल दिया था। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, परत-दर-परत साजिश का पर्दाफाश होता गया। पूरा मामला फर्जी निकला और कड़ाई से पूछताछ हुई तो पता चला कि सामूहिक दुष्कर्म की फर्जी शिकायत कराने के लिए युवती को उसकी मां, आदिवासी संगठन का नेता और गुलाबी गैंग की लीडर ने प्रेरित किया था। अब पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है।

जानकारी में देहात टीआई गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि गत एक जून को थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की युवती के परिजनों ने शिकायत की थी कि उनकी बेटी बाजार जाने की बात कहकर निकली थी और लापता हो गई। दो जून को पुलिस ने शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया। पुलिस ने पतासाजी शुरू की तो पता चला कि 13 जून को युवती लौट आई और बयान दिए कि माता-पिता ने डांटा तो वो पैदल तामिया चली गई, वहां से सौंसर के जामसांवली मंदिर गई और यहां से इमलीखेड़ा आई, जहां कुछ लोगों ने उसे देखा और फिर थाने छोड़ दिया। इसके बाद अचानक इस मामले में दुष्कर्म की शिकायत सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने पतासाजी की तो सच सामने आया कि युवती ने घर से भागने के बाद मर्जी से विवाह रचा लिया था, लेकिन उसकी मां, गुलाबी गैंग और आदिवासी संगठन गोंडवाना के देवरावेन भलावी ने उसे बहकाया और फर्जी सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत कराई थी। पुलिस ने साजिश से पर्दा उठाकर सच सामने ला दिया है, जबकि दूसरे तरफ इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। देहात थाना क्षेत्र की एक युवती एक जून को बाजार जाने की बात कहकर गायब हो जाती है, दो जून को परिजन उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हैं तो युवती 13 दिनों बाद लौट आती है और बयान देती है कि माता-पिता की फटकार की वजह से वो चली गई थी। इसके बाद अचानक बीते दिन युवती को लेकर परिजन थाने पहुंचे और सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत करने लगे। इसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर छानबीन की। सीसीटीवी फुटैज खंगाले, युवती को इमलीखेड़ा में लावारिश देखने के बाद थाना छोड़ने वालों के बयान लिए तो पूरी साजिश से पर्दा उठ गया और पुलिस ने सच सामने ला दिया।

**साजिश**

**विवाह रचा लिया था, तो डर गई** - पूरी कहानी युवती के प्रेम विवाह के कारण बनी। दरअसल युवती घर से भागी और कुछ दिनों से अपने साथ मजदूरी करने वाले युवक इमलीखेड़ा निवासी अनिल कंटक के साथ छह जून को परासिया रोड षष्टी माता मंदिर पहुंचकर प्रेम विवाह रचा लिया।

## नकली नोटों का गोरखधंधा बेनकाब, छह आरोपी पकड़े

संवाददाता ● जबलपुर

जिले में नकली नोट के अवैध कारोबार का हनुमानताल पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने नकली नोट बनाने और उन्हें खरीदकर बाजार में चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अभी तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से 14 लाख 94 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। पुलिस ने नकली नोट खरीदने वाले 3 आरोपियों को मण्डला और एक आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। गोहलपुर सीएसपी सुनील नेमा से मिली जानकारी के अनुसार रवि दाहिया को मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया था। उस समय आरोपी के पास 2 लाख 94 हजार रुपये के पांच-पांच सौ के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी जबलपुर के शुक्ला होटल के पीछे घमापुर का रहने वाला था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान एक अन्य व्यक्ति ऋतुराज विश्वकर्मा के बारे में जानकारी दी। रवि ने बताया कि ऋतुराज अपने किराये के मकान में नकली नोट तैयार करता है। पुलिस ने उसके पास से प्रिंटर, लैपटॉप, कटर, पेपर कटिंग शीट, व नकली नोट जब्त किए थे। ऋतुराज ने पूछताछ के दौरान बताया था कि वह पिछले 8-9 महीने से नकली नोट बनाने के लिये मेहनत कर रहा था। असली नोट लेकर वह 1 के अनुपात में 3 गुना नकली नोट देता है। उसने धीरज मनवानी, गौरव तिवारी, राकेश तिवारी को जरिया बनाया। इनके माध्यम से नकली नोट बाजार में चलाया करता था।

**15 लाख के फर्जी नोट बरामद, लैपटॉप-प्रिंटर जब्त**

### निगम की सप्लाई व्यवस्था ठप, लोग बोले -25 दिन से ज्यादा दिक्कत

## पानी के लिए भोपाल के कोकाता में 3 घंटे चक्काजाम



संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल के बायपास स्थित कोकता इलाके में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। करीब 3 घंटे तक 100 से ज्यादा लोग सड़क पर जमे रहे। नगर निगम और पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद वे माने। सुबह साढ़े 9 बजे चक्काजाम शुरू हुआ, जो दोपहर 12.30 बजे तक चलता रहा। चक्काजाम में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। महिलाओं ने कहा कि इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया जा चुका है। बावजूद समस्या दूर नहीं हुई। 25 दिन से पानी की समस्या है। यहां लगी निगम की टंकी से पर्याप्त मात्रा में प्रेशर नहीं आ रहा है। इसके अलावा निगम ने कोकता मल्टी में फ्लैट देने के दौरान कई वादे किए थे। जिसमें सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो पूरी नहीं की गई हैं। सुरक्षा के उपाय भी नहीं हैं। यही कारण है कि आज पानी समेत सुविधाओं को लेकर सड़क पर उतरना पड़ा है। प्रदर्शन कर रही कीर्ति राजपूत ने बताया, कोकता में 6 मल्टी बनी हुई है। यहां पानी की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो रही है। इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों से बात की गई, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। इसलिए आज यह प्रदर्शन किया। निगम अधिकारियों ने आज शाम को बैठक करके समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है।

## 40 हजार की सिगरेट चुराई, अजब-गजब चोरी का मामला

संवाददाता ● ग्वालियर



एमपी के ग्वालियर के माधोगंज इलाके में एक अजीब चोरी हुई। चोरों ने 40 हजार रुपए की सिगरेट चुरा ली। उन्होंने कीमती सामान या गहनों को नहीं, बल्कि सिगरेट के बंडलों को निशाना बनाया। यह घटना मामा के बाजार में नितिन ट्रेडर्स नाम की दुकान में हुई। दुकान के मालिक नितिन यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान में सेंध लगाकर सिगरेट के बंडल और कुछ नकदी चुरा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मामला**

नितिन यादव ने माधोगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बीती रात उनकी दुकान में चोरी हुई। चोरों ने दुकान में घुसकर सिगरेट के बंडल और कुछ पैसे चुरा लिए। नितिन यादव ने कहा कि सुबह जब मैं दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि अंदर अलमारियां बिखरी हुई थीं। काउंटर में रखी सिगरेट की पेटियां और पैसे गायब थे।चोरी की खबर मिलते ही माधोगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। फुटेज में दो संदिग्ध लोग दिखाई दिए हैं। पुलिस ने अपने मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया है। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही चोरों को पकड़ लेंगे। इस अनोखी चोरी की घटना से इलाके में चर्चा है। लोग हैरान हैं कि चोरों ने सिगरेट क्यों चुराई। पुलिस इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ली जा रही है। पुलिस का मुखबिर तंत्र भी इस मामले में मदद कर रहा है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## घर से नाराज होकर निकला किशोर, स्टेशन पर मिला

**भोपाल।** परिवार से नाराज होकर घर से निकले एक 17 वर्षीय किशोर को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर समय रहते ढूंढ निकाला और सुरक्षित NGO के हवाले किया। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर तैनात आरक्षक कृष्ण कुमार को 20 जून की सुबह गाड़ी संख्या 19711 (इंदौर–जयपुर एक्सप्रेस) के सामान्य कोच में एक किशोर अकेला बैठा दिखाई दिया। शक होने पर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम सुभाष कुर्मी, निवासी शेरपुर मोहल्ला, विदिशा बताया। बालक ने खुलासा किया कि वह पारिवारिक विवाद से नाराज होकर घर से निकल आया है। आरपीएफ ने मानवता दिखाते हुए उसे तत्काल भोपाल पोस्ट लाकर सब-इंस्पेक्टर संध्या चौधरी के सामने प्रस्तुत किया। यहां उससे विस्तार से बातचीत की गई और फिर बाल संरक्षण आयोग के सदस्य धनीराम पवार को मामले की जानकारी दी गई।

### दो साल से रहवासियों को था इंतजार

# सीएम आए तो पॉश इलाके में रातों-रात बना दी रोड, एक बारिश में उखड़ी

संवाददाता ● ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर के सबसे पॉश इलाका झांसी रोड से जीवाजी क्लब तक जाने वाली शहर की सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण सड़क पिछले दो वर्षों से खुदी हुई पड़ी थी। इस सड़क के निर्माण न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मीडिया ने लोगों के बयां दर्द को दिखाया, फिर जैसे-तैसे इस सड़का निर्माण कराया गया।

**निर्माण**

18 जून को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ग्वालियर आगमन पर प्रशासन और नगर निगम ने सड़क का म्यूजिक लगाकर अच्छा वीडियो बनाया और अपनी पीठ थपथपाई, लेकिन मानसून की एक बारिश ने ही पोल खोल दी। महज 36 घंटे मे ही मानसून की पहली बौछार में ही यह उखड़ने लगी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क डालने वालों ने कितनी घटिया निर्माण किया गया है, जो सड़क कुछ घंटे ही टिक पाई। दरअसल, बरसात के पानी यानी स्ट्राम वाटर के निकास के नाम पर बनाए गए एक प्रोजेक्ट ने शहर की इस सड़क का सत्यानाश किया। दो साल पहले इसके लिए लगभग 12 करोड़ रूपये मंजूर किए गए और फूलबाग से लेकर जीवाजी क्लब तक लगभग चार किलोमीटर लंबी शानदार सड़क को खोद डाला। झांसी रोड की यह सड़क कुछ साल पहले ही करोड़ों की लागत से बनाई गई थी, क्योंकि यह शहर का सबसे पॉश और सबसे व्यस्ततम मार्ग है।



### पाइप लाइन बिछ गई, लेकिन सड़क नहीं डलवाई

इसके बाद पाइप लाइन डालने का काम शुरु किया और तब से जनता पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। जैसे-तैसे सड़क खोदने के बाद उसमें पाइप बिछाने का काम तो पूरा हो गया, लेकिन उस पर सड़क बनाने के लिए कोई फंड ही नहीं था। जनता और मीडिया की जन आलोचना के करण प्रशासन और नगर निगम ने टुकड़ों-टुकड़ों में इस सड़क का निर्माण काम शुरु कराया, लेकिन इसकी गुणवत्ता को लेकर शुरु से ही सवाल उठ रहे थे। बरसात नजदीक आते ही इसका निर्माण तेज किया गया, जबकि बरसात में सड़क बनती ही नहीं हैं। 18 जून को मुख्यमंत्री का ग्वालियर दौरा था तो प्रशासन ने रातोंरात सड़क का काम पूरा करवाया और अपनी पीठ थपथपाने के लिए इसका बाकायदा एक म्यूजिकल वीडियो भी जारी किया। लेकिन यह वीडियो जारी होने के महज 24 घंटे बाद ही मानसून की पहली फुहार मे ही लगभग दो करोड़ की लागत से बनी यह सड़क प्याज के छिलकों की तरह उखड गई। यह सड़क एक बरसात भी नहीं झेल सकी। अब यह सड़क मजाक का विषय बन गया हैं।

# प्रियंका से ज्यादा बिजी रहती हैं उनकी बेटी

## खुद अपनी प्लेटडेट्स करती हैं शेड्यूल



प्रियंका चोपड़ा भले ही बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में ही छाई हुई हों, लेकिन उनकी बेटी मालती मैरी इस समय सुर्खियों में है। मालती ने हाल ही में स्कूल जाना शुरू कर दिया है और वो काफी ज्यादा एक्टिव हैं। मालती अपना काफी सारा काम खुद ही कर लेती हैं। न्यूयॉर्क में स्कूल शुरू करने से लेकर अपने खुद के प्लेडेट्स का प्लान बनाना,साढ़े तीन साल की यह बच्ची तेजी से बड़ी हो रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, प्रियंका ने काम, पारिवारिक जीवन और मालती को इस नए दौर में कामयाब होते देखने की खुशी के बारे में खुलकर बात की। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जिमी फॉलन के शो द टुनाइट शो में अपनी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट को प्रमोट करने आई थीं। प्रियंका अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट के प्रमोशन के लिए जिमी फॉलन के शो द टुनाइट शो में पहुंचीं। बातचीत के दौरान जिमी ने प्रियंका की बेटी मालती मैरी के बारे में बात की और उसे एक प्यारी और जिज्ञासु लड़की बताया। मालती के बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा कि मालती का व्यक्तित्व बहुत ही जिंदादिल है, उसका सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा है और वह उनके दिल के बहुत करीब हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह दौर उनके परिवार के लिए खास रहा है, क्योंकि निक जोनस इस समय ब्रॉडवे पर परफॉर्म कर रहे हैं। प्रियंका ने बताया कि निक पिछले पांच सालों से ब्रॉडवे में हैं जबकि वो न्यूयॉर्क में थीं। SSMB29 के लिए भारत में शूटिंग के बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा, 'मैं भारत में एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं, इसलिए मैं वहां से आती-जाती रहती हूं। इसलिए हम अभी ईस्ट कोस्ट में हैं, और मालती यहां स्कूल जाती है। उसके दोस्तों का एक छोटा-सा ग्रुप है और उसका शेड्यूल मेरे से भी ज्यादा व्यस्त है। बहुत सारी क्लासेज होती हैं। बच्चे बहुत कुछ करते हैं...वह दूसरे बच्चों के साथ घुलना-मिलना चाहती है।' अभिनेत्री ने यह भी बताया कि मोआना मालती की पसंदीदा कैरेक्टर है और वह पूरे दिन मोआना ड्रेस पहनती है। इसके अलावा म्यूजिक में मालती की पसंद की बात करें तो वह हर सुबह ब्लैकपिंक के रोज और ब्रूनो मार्स का गाना APT भी सुनती है।

# अजय की फिल्म से डरे जान्हवी-सिद्धार्थ की 'परम सुंदरी' के मेकर्स?

## आगे बढ़ा सकते हैं रिलीज डेट

इस साल अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' और जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की रोमांटिक फिल्म 'परम सुंदरी' के बीच जबरदस्त बॉक्स ऑफिस क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्में 25 जुलाई को थिएटर पर रिलीज हो रही हैं। अब ऐसे में एक नई रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि 'परम सुंदरी' के मेकर्स अजय देवगन के स्टारडम और उनकी पिछली फिल्म 'सन ऑफ सरदार' के फैनबेस की वजह अपनी फिल्म की रिलीज आगे बढ़ा सकते हैं। मेकर्स को डर है कि अजय के आगे शायद उनकी फिल्म अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाए। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के अनुसार जाह्नवी और सिद्धार्थ की फिल्म 'परम सुंदरी के मेकर्स दिनेश विजान नहीं चाहते कि उनकी फिल्म भीड़ में खो जाए। प्रोड्यूसर को अपनी फिल्म में अच्छी कमाई की उम्मीद नजर आ रही है। जुलाई में कई अन्य रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म रिलीज हो रही हैं। ऐसे में 'परम सुंदरी' की कमाई पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए मेकर्स फिल्म की रिलीज आगे बढ़ा सकते हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि प्रोड्यूसर दिनेश विजान और उनकी टीम जाह्नवी और सिद्धार्थ की फिल्म को अगस्त में रिलीज करने का फैसला कर रहे हैं। हालांकि, इस महीने भी वॉर 2, धड़क 2 जैसी फिल्में दस्तक दे रही हैं। ऐसे में फिल्म की कमाई पर असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक 'परम सुंदरी' की नई रिलीज डेट सामने नहीं आई है। 'परम सुंदरी' की पहली झलक सामने आ गई है। साउथ इंडियन स्टाइल में दोनों एक्टर्स शानदार लग रहे हैं। फिल्म में केरल के कई सीन दिखाए गए हैं। ये रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ऑडियंस को इम्प्रेस करने का दम रखती है।




# काजोल ने बताया 'बाजीगर' की शूटिंग का किस्सा

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म 'बाजीगर' में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने 'बाजीगर' के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने 'रेडियो नशा ऑफिशियल' से बातचीत में बताया कि 'बाजीगर' की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े सत्रह साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11:30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा, 'मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खड़ूस है।' उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, 'आप बात क्यों नहीं कर रहे? आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं? आप ऐसे कैसे रह सकते हैं?' शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया, 'क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो? कोई इसको चुप कराओ।

# सुधांशु पांडे ने अपूर्व मखीजा की लगाई क्लास

## कहा- 'जब आपकी जुबान खराब हो जाए ना...'





करण जौहर का लेटेस्ट शो द ट्रेटर्स शुरू होने के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। शो में बॉलीवुड, टीवी और सोशल मीडिया की दुनिया से कई नामी चेहरे बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए हैं जिनमें अपूर्व मखीजा और आशीष विद्यार्थी जैसे सेलेब्स का नाम भी शामिल है। हाल ही में, सुधांशु पांडे ने 63 साल के आशीष विद्यार्थी के साथ तमीज से बात न करने के लिए अपूर्व मखीजा की क्लास लगाई। उन्होंने बीते दिन फैंस के साथ एक लाइव चैट किया। इस दौरान उन्होंने अपूर्व को अपनी भाषा सुधारने की सलाह दी। सुधांशु पांडे ने अपूर्व मखीजा की क्लास लगाते हुए कहा, 'अपूर्वा, जिसे रिबेल किड के नाम से जाना जाता है, पहले से ही उनके इर्द-गिर्द बहुत सारे विवाद हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि वह एक बुरी इंसान है। वह एक अच्छी बच्ची है। मुझे यकीन है कि उसका दिल भी अच्छा है लेकिन जब आपकी जुबान खराब हो जाए ना, तो वो सब कुछ खराब कर देती है। अगर आपको यह नहीं पता कि अपने से बड़े लोगों के बारे में क्या और कैसे बोलना है, तो बाकी सब बेकार हो जाता है।' सुधांशु पांडे ने आगे कहा, 'आशीष भाई - आशीष विद्यार्थी - जो इतने वरिष्ठ अभिनेता हैं - वह मुझसे भी बहुत बड़े हैं। इसलिए मेरी पीठ पीछे वह आशीष भाई के बारे में बात कर रही थीं, और कह रही थीं, 'मुझे लगता है आशीष जाएगा'। क्या वह आपका बचपन का दोस्त है या क्या? क्या वह आपके बचपन के दोस्त हैं? लोगों के बारे में बात करने का यह कैसा तरीका है - उन अभिनेताओं के बारे में जो आपके माता-पिता से भी बड़े हैं? सुधांशु पांडे ने कहा, 'आप उनके बारे में उनकी पीठ पीछे इस तरह से बात कर रहे हैं? यह आपके बारे में क्या कहता है? प्लीज मुझे बताएं। क्या यह जेन जी है? क्या हमें यही अच्छा लगता है? नहीं, मुझे अफसोस है। यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। मुझे लगता है कि यह सबसे बड़ी बकवास है और यह हमारे समाज पर एक अभिशाप की तरह है। मेरे भी बच्चे हैं और वे भी Gen-Z हैं। वे दूसरों का बहुत सम्मान करते हैं।

# मौनी राय की बेस्ट फ्रेंड बनी मिसेज जोनस

## लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड से क्रिश्चियन रीति-रिवाज के साथ की शादी



अमेरिकन डांसर और एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने अपनी जिंदगी के नए चैप्टर की शुरुआत कर दी है। एक्ट्रेस ने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड के साथ इटली के टस्कनी में क्रिश्चन रीति-रिवाज के साथ शादी की। 11 जून को शादी के बंधन में बंधी लॉरेन ने कुछ समय पहले ही अपनी वेडिंग की फोटोज फैंस के लिए सोशल मीडिया पर शेयर की है। अपने वेडिंग आउटफिट में बेहद ही खूबसूरत लग रहीं लॉरेन ने बताया कि ये पल उनके लिए कितना मेमोरेबल था। उन्होंने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए ये भी बताया कि उनके ब्वॉयफ्रेंड ने कब उन्हें वेडिंग के लिए प्रपोज किया था। एक्ट्रेस की शादी की तस्वीरें देखने के बाद फैंस और दोस्त भी उन्हें बधाई दे रहे हैं। लॉरेन के ब्वॉयफ्रेंड टोबियास जोनस ने साल 2024 में उन्हें कैरिबियन के खूबसूरत अरूबा ओशन विला में शादी के लिए प्रपोज किया था। एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने ऑफ शोल्डर सफेद रंग का डीप नेक वेडिंग ड्रेस पहना हुआ है। वहीं उनके पति टोबियास ने इस खास मौके के लिए ब्लैक और व्हाइट रंग का टक्सीडो पहना। बातचीत करते हुए लॉरेन ने बताया कि ये दिन उनके लिए कितना स्पेशल था। एबीसीडी 2 एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं अपनी शादी वाले दिन हर किसी के उठने से पहले ही उठ गई थी।


## श्रद्धा कपूर के साथ जल्द नजर आ सकते हैं वरुण...



जब फिल्म निर्माता डेविड धवन के बेटे वरुण धवन ने कॉमेडी फिल्मों में काम करना शुरू किया था, तो उनकी तुलना अक्सर गोविंदा से की जाती थी। वीडी के हाव-भाव, उनके डांस मूव्स और उनके एक्सप्रेशन को देखकर अक्सर फैंस को 90 के दशक के सुपरस्टार की याद दिलाते थे। खासकर मैं तेरा हीरो (2014) और कुली नंबर 1 (2020) जैसी फिल्मों में गोविंदा की वो छवि और भी ज्यादा उजागर होती है। असल जिंदगी में भी ऑफ-कैमरा, वरुण गोविंदा के खुद को फैन बताते हैं। अब वरुण धवन का एक बिहाइंड द सीन वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो गोविंदा के पॉपुलर ट्रैक मेरी पैंट भी सेक्सी में अपने भीतर के गोविंदा को देखने खोलकर रख रहे हैं। यह वीडियो 10 साल पहले वीडी और श्रद्धा कपूर की 2015 की डांस फिल्म ABCD 2 की रैप पार्टी में शूट किया गया था। 19 जून को रेमो डिसूजा की फिल्म ABCD 2 ने 10 साल पूरे कर लिए। फिल्म में प्रभु देवा, वरुण धवन और श्रद्धा कपूर के साथ डांसर से एक्टर बने लॉरेन गॉटलिब, राघव जुयाल, पुनीत पाठक और धर्मेश येलांडे की मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म ABCD: एनी बॉडी कैन डांस साल 2013 में आई फिल्म स्टैंड-अलोन का सीक्वल थी। इस खास उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए वरुण ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर एक अनसीन वीडियो शेयर किया है। अपनी फिल्म की रैप पार्टी में शूट किए गए इस क्लिप में वरुण को श्रद्धा और अन्य को-स्टार्स के साथ फिल्म 1994 में आई गोविंदा की फिल्म दुलारा के गाने मेरी पैंट भी सेक्सी पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने मस्त होकर ऐसे डांस किया जैसे कोई उन्हें देख ही न रहा हो। इस वीडियो को देखकर हर कोई सरप्राइज रह गया। wwABCD 2 के बाद, श्रद्धा और वरुण धवन ने रेमो डिसूजा की साल 2020 की फिल्म स्ट्रीट डांसर 3D में फिर से साथ काम किया था। फैंस को उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री काफी ज्यादा पसंद आई थी। खैर, ABCD 2 के एक दशक पूरे होने पर, हम उम्मीद कर रहे हैं कि क्या श्रद्धा और वरुण जल्द ही किसी और डांस फिल्म में साथ आएंगे?

# तीन महीने तक सिनेमा हॉल से नहीं उतरी थी विनोद खन्ना की ये फिल्म

## अमिताभ बच्चन का स्टारडम भी था खतरे में



महान अभिनेता अमिताभ बच्चन एक ऐसा नाम है जिसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। अभिनेता ने हमेशा अपने बेहतरीन अभिनय से फैंस को अपना दीवाना बना दिया। यही वजह है जिसकी वजह से हर कलाकार उन्हें कॉपी करने की कोशिश करता है। हालांकि, ऐसी कई फिल्में हैं जिन्हें बिग बी ने अपने शुरुआती दिनों में ठुकरा दिया था। बाद में ये फिल्म जिसके हाथ लगी उसने उस अभिनेता को रातोंरात स्टार बना दिया। इसने उस एक्टर को चमक-दमक और ग्लैमर की दुनिया में एक उभरता हुआ सितारा बना दिया। यहां हम दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना के बारे में बात कर रहे हैं, जो अपने समय में सुपरस्टार थे, लेकिन उनका करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। अपनी प्रसिद्धि के चरम पर, उन्होंने अभिनय छोड़ने और अध्यात्म की ओर रुख करने का फैसला किया। हालांकि, जब उन्होंने आखिरकार वापसी की, तो यह उनके लिए आशीर्वाद बन गया, जिसमें अमिताभ बच्चन भी शामिल थे। इस फिल्म का नाम था कुर्बानी और ये साल 1980 में रिलीज हुई थी। फिरोज खान के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जीनत अमान, विनोद खन्ना और फिरोज खान की तिकड़ी ने काम किया था।

# मूर्खों को पानी देने की जरूरत नहीं, मुर्गी अंडा... नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत के दम पर सरेआम माइकल वॉन को लताड़ा

एजेंसी ● लीड्स



लीड्सः हेडिंग्ले में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत धमाकेदार रही। नए कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शतक लगाए। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 359 रन बनाए। इसके बाद दूसरे दिन पंत ने भी जोरदार शतक ठोक दिया। भारत की इस शानदार शुरूआत के साथ ही नवजोत सिंह सिद्धू ने सोशल मीडिया पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की भविष्यवाणी का जमकर मजाक उड़ाया। वॉन ने सीरीज शुरू होने से पहले कहा था कि भारत 3-1 से हारेगा। उन्होंने भारत की अनुभवहीनता और विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी को इसकी वजह बताया था। लेकिन भारत की शानदार शुरूआत के बाद सिद्धू ने वॉन को करारा जवाब दिया।

भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी रही। सिद्धू ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा- मूर्खों को पानी देने की जरूरत नहीं होती। माइकल वॉन, तुम्हारी भविष्यवाणियां हमेशा गलत होती हैं। उन्होंने वॉन की 2020/21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की भविष्यवाणी का भी जिक्र किया। उस समय भारत ने चोटों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था। उन्होंने वॉन की हालिया हळ्ळ फाइनल की भविष्यवाणी का भी हवाला दिया, जिसमें साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। वॉन ने उस मैच में साउथ अफ्रीका को कमजोर बताया था।सिद्धू यहीं नहीं रुके। उन्होंने इंग्लैंड के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- अपनी गेंदबाजी देखो। वे पैदल चलने वाले हैं। मेरे कहने का मतलब है, भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों की तरह आगे बढ़कर उन्हें मार रहे हैं (ऋषभ पंत ने कप्तान बेन स्टोक्स को आगे बढ़कर दो शॉट लगाए थे)। बॉस, शोर से कुछ साबित नहीं होता। एक मुर्गी भी अंडा देते समय ऐसे कांव-कांव करती है जैसे कि वह कोई क्षुद्रग्रह दे रही हो।

गिल ने कप्तानी के डेब्यू में 127- रन बनाए। वहीं, जायसवाल ने 101 रनों की शानदार पारी खेली। जायसवाल को दोनों हाथों में गंभीर ऐंठन हो रही थी, फिर भी उन्होंने शतक बनाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े।इसके बाद ऋषभ पंत (65*) ने आखिरी सेशन में तेजी से रन बनाए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पूरे समय संघर्ष करते दिखे। कप्तान बेन स्टोक्स (2/43) ही कुछ हद तक सफल रहे। गिल का यह एशिया के बाहर पहला शतक था। शतक बनाने के बाद उन्होंने ड्रेसिंग रूम की ओर झुककर अभिवादन किया। जायसवाल ने कहा- गिल ने कमाल की बल्लेबाजी की, वे शांत और संयमित थे। जायसवाल हेडिंग्ले में शतक बनाने वाले पहले एशियाई ओपनर बने।मैच में कई बातें हुईं। वॉन की भविष्यवाणी गलत साबित हुई। सिद्धू ने वॉन का मजाक उड़ाया। गिल और जायसवाल ने शानदार शतक बनाए। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 359 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

## ऋषभ पंत ने छक्के से धोनी के बड़े रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ा दीं



लीड्सः आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत का बल्ला पूरी तरह शांत था। आखिरी मैच में उन्होंने शतक लगाया लेकिन उससे पहले जूझ रहे थे। अब इंग्लैंड में पहुंचते ही पंत ने शतक ठोक दिया है। लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पंत ने 146 गेंद पर शतक पूरा किया। 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से वह शतक तक पहुंचे। 44वां टेस्ट खेल रहे पंत का यह 7वां शतक है। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर एक हाथ से छक्का लगाकर पंत ने अपना शतक पूरा किया।

महेंद्र सिंह धोनी ने भारत के लिए 90 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक निकले थे। इसमें एक शतक भी एशिया से बाहर नहीं आया था। अब पंत ने टेस्ट में 7 शतक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही पंत टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने तीन शतक इंग्लैंड में लगाया है तो एक साउथ अफ्रीका और एक ऑस्ट्रेलिया में आया है। विकेटकीपर के रूप में खेलते हुए सबसे ज्यादा 17 शतक ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के नाम दर्ज हैं। 12 शतक के साथ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर दूसरे नंबर पर हैं। 1929 से 1939 तक इंग्लैंड के लिए खेलने वाले लेस एम्स ने 8 शतक जड़े थे। एबी डिविलियर्स, मैट प्रायर, कुमार संगकारा और बीजे वाटलिंग के भी विकेटकीपर के रूप में पंत के बराबर 7-7 शतक हैं। पंत ने 2018 में इंग्लैंड में ही अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उसी दौरे के आखिरी टेस्ट में उन्होंने शतकीय पारी खेली थी।

**मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज भारतीय पारी को आराम से 500 रन पार पहुंचना था**

# 471 रनों पर सिमटी टीम इंडिया की पारी, बारिश की वजह से इंग्लिश पारी शुरू होने में देरी

एजेंसी ● लीड्स






भारत बनाम इंग्लैंड टेस्टः भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल शुरू हो चुका है। खेल के पहले दिन भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 359 रन का स्कोर खड़ा किया था।भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट लाइव स्कोरः लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली पारी सिमट गई है। दूसरे दिन के दूसरे सेशन में टीम इंडिया 471 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के अलावा ऋषभ पंत ने भी सेंचुरी लगाई। मैच के पहले दिन भारत ने टॉस हारने के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 359 रन का स्कोर खड़ा किया था। हालांकि टीम का निचला क्रम पूरी तरह फेल रहा। सिर्फ रविंद्र जडेजा (11) की दहाई का आंकड़ा छू पाए। स्टोक्स और टंग को 4-4 विकेट मिले।इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो पाई है। भारतीय टीम के खिलाड़ी मैदान पर आ गए थे। तभी बारिश शुरू हो गई। इसकी वजह से सभी को वापस जाना पड़ा। अंधेरा ज्यादा होने की वजह से फ्लड लाइट्स भी जाने पड़े। हालांकि इंग्लैंड में बारिश का कोई भरोसा नहीं है। कुछ ही समय में धूपर भी खिल जाती है।

लीड्स टेस्ट में भारत की पहली पारी सिमट गई है। प्रसिद्ध कृष्णा आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। जब शुभमन गिल आउट हुए थे तो भारत का स्कोर 430 रन था। लगा कि टीम आसानी से 550 के पार पहुंच जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 41 रन बनाने में टीम के आखिरी 7 बल्लेबाज आउट हो गए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने 4 जबकि जोश टंग ने भी चार विकेट लिए।भारतीय टीम के लिए जसप्रीत बुमराह भी खाता नहीं खोल पाए। उन्हें तेज गेंदबाज जोश टंग ने आउट किया। इससे पहले साई सुदर्शन और करुण नायर भी रन बनाए बिना आउट हुए थे। भारतीय टीम 28 रन बनाने में 5 विकेट खो चुकी है। टीम का स्कोर 458 रन पर 8 विकेट है।लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन दूसरे सेशन का खेल शुरू हो गया है। रविंद्र जडेजा का साथ निभाने क्रीज पर जसप्रीत बुमराह उतरे हैं। आने वाले बल्लेबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज है। अगर भारतीय टीम को 500 रनों तक पहुंचना है तो रविंद्र जडेजा को जिम्मेदारी लेनी होगी।

भारतीय टीम ने लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पहले सेशन में 103 रन बनाए। हालांकि इस दौरान टीम के चार विकेट भी गिरे। लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स ने शार्दुल ठाकुर का शिकार किया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। इसी सेशन में शुभमन गिल, करुण नायर और ऋषभ पंत का विकेट भी गिरा है। भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 454 रन बनाए लिए हैं। स्टोक्स को सबसे ज्यादा 4 विकेट मिले हैं।शुभमन गिल और करुण नायर के बाद ऋषभ पंत की पारी का भी अंत हो गया है। वह 134 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। तेज गेंदबाज जोश टंग को उनका विकेट मिला। 178 गेंदों की पारी में उन्होंने 12 चौके और 6 छक्के मारे। एलबीडब्ल्यू दिए जाने के बाद पंत ने डीआरएस लिया। इसका भी कोई फायदा नहीं हुआ और उन्हें वापस लौटना पड़ा। 108 ओवर के बाद भारत का स्कोर 6 विकेट पर 454 रन है। जडेजा का साथ देने शार्दुल क्रीज पर उतरे हैं।भारतीय टीम में लंबे समय बाद वापसी करने वाले करुण नायर बिना खाता खोले आउट हो गए। करुण नायर सिर्फ 4 गेंद का सामना कर पाए। नायर स्टोक्स के खिलाफ ओली पोप के हाथों लपके गए।

इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुभमन गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 147 रनों की पारी खेली। गिल शोएब बशीर की गेंद पर जोश टंग के हाथों कैच आउट हुए। टीम इंडिया को 430 रन के स्कोर पर चौथा झटका लगा।इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मैच के दूसरे दिन कमाल का खेल दिखाते हुए टेस्ट फॉर्मेट में 7वां शतक पूरा कर लिया है। पंत ने शतक सिक्स लगाकर कर अपनी सेंचुरी पूरी की। इस शतकीय पारी के साथ ही टीम इंडिया ने खेल के दूसरे अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है।हेडिंग्ले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 400 रन के पार पहुंचा दिया है। टीम इंडिया के लिए कप्तान शुभमन गिल 150 रन के करीब पहुंच गए हैं जबकि पंत भी अपने शतक के करीब हैं।इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऋषभ पंत ने 65 रनों से अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए शतक के करीब पहुंच गए हैं। पंत ने 80 रन के से स्कोर को पार कर लिया है जबकि टीम इंडिया 400 रन के करीब पहुंच गई है।

## वाह! ऋषभ पंत का 88 रन पर थप्पड़ शॉट तो 99 पर भी करारा छक्का, बेबस 'पाकिस्तानी' की ऐसी भरदम कुटाई



एजेंसी ● हेडिंग्ले

हेडिंग्लेः भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ तूफानी अंदाज में बैटिंग करते हुए कमाल कर दिया। पंत खास तौर से जब शतक के करीब पहुंचे तो वह और ज्यादा खतरनाक हो गए। 88 रन के स्कोर पर उन्होंने शोएब बशीर के खिलाफ एक ऐसा करारा शॉट मारा जिसे देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे हर कोई हैरान रह गया। हालांकि, पंच यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने अपने ह अंदाज में 99 रन के स्कोर आगे निकल कर एक बार फिर से सिक्स लगाकर अपने शतक को पूरा किया। पंत ने इंग्लैंड के शोएब बशीर को खास तौर से अपना निशाना बनाया। ऋषभ पंत ने 146 गेंद में अपना शतक पूरा किया।बता दें कि कि ऋषभ पंत जब 88 रन के स्कोर पर थे तब शोएब बशीर को उन्होंने एक जोरदार सिक्स लगाया। ये सिक्स इतना शानदार था कि उनका चेहरा बुरी तरह से उतर गया। हालांकि, इस सिक्स के बाद पंत अपने शतक के करीब पहुंच गए। इस सिक्स के बाद भी पंत नहीं रुके और बशीर की गेंद पर ही सिक्स लगाकर उन्होने अपना 7वीं सेंचुरी पूरी की।शतक लगाने के बाद ऋषभ पंत और ज्यादा खरतनाक हो गए थे, लेकिन 134 रन के स्कोर पर वह एलबीडबल्यू आउट हो गए। अपनी इस पारी में उन्होंने 12 चौके और 6 छक्के भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी से ही टीम इंडिया का स्कोर 400 रनों के पार पहुंचा। लंच ब्रेक तक टीम इंडिया स्कोर 454 रन हेडिंग्ले टेस्ट मैच के पहले दिन ऋषभ पंत ने शानदार खेल दिखाते हुए 65 रनों की पारी खेली थी। पहले दिन नाबाद वापस लौटने के बाद दूसरे दिन उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया। पंत ने 146 गेंद में शतक पूरा किया। हालांकि, वह जल्द ही आउट हो गए, लेकिन दुसरे दिन के पहले सेशन की समाप्ति तक भारतीय टीम ने 454 रन बनाने में सफल रही।

## क्या डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा का अरशद नदीम से सामना? गोल्ड मेडल के लिए और किससे टक्कर?

**पेरिसः** भारत के जेवलिन स्टार नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग 2025 में फिर से मैदान में उतरेंगे। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा। हालांकि, उनके पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम इस बार हिस्सा नहीं लेंगे। फैंस को दोनों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद थी, लेकिन नदीम इस मीट में भाग नहीं लेंगे। नीरज चोपड़ा 8 साल के अंतराल के बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी कर रहे हैं।


उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का सीजन-बेस्ट थ्रो किया था। पेरिस में होने वाला यह मीट चोपड़ा के लिए अपनी बादशाहत वापस पाने का मौका हो सकता है। 2024 में उन्होंने इसी जगह पर ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग 2025 में हिस्सा लेंगे। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस बार उनके सामने पाकिस्तान के अरशद नदीम नहीं होंगे। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने फोर्ब्स की '30 अंडर 30' साउथ एशिया लिस्ट 2025 में भी जगह बनाई।

उन्होंने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता।वहीं, नीरज चोपड़ा 8 साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी कर रहे हैं। 27 साल के नीरज चोपड़ा पिछली दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। इसलिए वह इस बार जीतने के लिए बेताब हैं। वह आखिरी बार 2017 में इस मीट में शामिल हुए थे। तब उन्होंने 84.67 मीटर का थ्रो करके पांचवां स्थान हासिल किया था। इस बार दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 90.23 मीटर का थ्रो किया है। इससे वह इस प्रतियोगिता में पसंदीदा खिलाड़ी बन गए हैं।पेरिस मीट नीरज चोपड़ा के लिए अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका है। पिछली दो बार से वह जूलियन वेबर से पीछे रहे हैं। नीरज चोपड़ा उस जगह पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जहां उन्होंने 2024 में ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। पेरिस के बाद, नीरज चोपड़ा 24 जून को ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में खेलेंगे। यह एक वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट है जिसकी मेजबानी वह खुद कर रहे हैं। पुरुषों के जेवलिन थ्रो के लिए खिलाड़ियों की लिस्ट इस प्रकार हैः नीरज चोपड़ा (भारत), जूलियन वेबर (जर्मनी), एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा), केशोर्न वालकोट (त्रिनिदाद और टोबैगो), जूलियस येगो (केन्या), एंड्रियान मरडारे (मोल्दोवा), लुइज मौरिसियो दा सिल्वा (ब्राजील)



फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में बेनफिका और ऑकलैंड सिटी के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप सी फुटबॉल मैच के दौरान ऑकलैंड सिटी के एडम बेल (बाएं), एडम मिशेल (बीच में) और ऑकलैंड सिटी के नाथन गैरो गेंद को बचाने का प्रयास करते हुए।

## शतक लगाने के बाद भी मुश्किल में पड़ सकते हैं शुभमन गिल



लीड्सः शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान के रूप में डेब्यू की शुरूआत जितनी शानदार रही, उसका अंत उतना ही अजीब मोड़ ले सकता है। 25 वर्षीय गिल ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन न केवल भारत की शानदार तरीके से अगुवाई की, बल्कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी अपने नाम की। वह टेस्ट कप्तानी डेब्यू में शतक लगाने वाले सिर्फ पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए।

पहले के पहले दिन शुभमन गिल 127 रन बनाकर नाबाद थे। दूसरे टीम 147 रनों की पारी खेलने के बाद वह पवेलियन लौटे। यह टेस्ट करियर में उनकी सबसे बड़ी पारी है। उन्होंने 227 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का जड़ा। यह उनका छठा टेस्ट शतक था और एशिया के बाहर पहला। इससे पहले गिल ने 2021 में गाबा में 91 रन बनाए थे, जो भारत की ऐतिहासिक सीरीज जीत में अहम साबित हुए थे। जब चारों ओर से गिल की बल्लेबाजी की तारीफ हो रही थी, तभी एक ऐसा विवाद सामने आ गया है। इसकी वजह से वह परेशानी में आ सकते हैं।लीड्स टेस्ट के पहले दिन शुभमन गिल ने बल्लेबाजी के दौरान काला मोजा पहन रखा था। आईसीसी के कपड़े और उपकरण संबंधित नियमों के अनुसार, गिल ने टेस्ट मैच के दौरान काले रंग के मोजे पहनकर नियम 19.45 का उल्लंघन किया हो सकता है। मई 2023 में अपडेट किए गए नियमों के अनुसार, टेस्ट मैचों में खिलाड़ी केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंग के मोजे पहन सकते हैं। यदि यह उल्लंघन जानबूझकर किया गया हो, तो इसे लेवल 1 अपराध माना जाएगा और खिलाड़ी पर उसके मैच फीस का 10 से 20 प्रतिशत तक जुमार्ना लगाया जा सकता है।हालांकि, मैच रेफरी के पास इस मामले में विवेकाधिकार है। अगर यह साबित होता है कि गिल ने मजबूरी में काले मोजे पहने, तो इसे अनजाने में हुई गलती मानते हुए नजरअंदाज किया जा सकता है।

## अब मेरी पत्नी मुझसे ज्यादा आकर्षित हो रही है... शतरंज में बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने वाले मैग्नस कार्लसन ने क्या कह दिया?

एजेंसी ● नई दिल्ली



पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने फ्रीस्टाइल शतरंज में 2900 रेटिंग का आंकड़ा पार कर लिया है। क्लासिकल शतरंज में वह लंबे समय से इस मुकाम तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें सफलता मिली है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि आज तक कोई भी शतरंज खिलाड़ी इस रेटिंग तक नहीं पहुंच पाया है।

**कार्लसन ने किया कमाल-** फ्रीस्टाइल चेस संगठन ने नई रेटिंग जारी की है। कार्लसन 2014 में क्लासिकल शतरंज में 2882 की रेटिंग तक पहुंचे थे। अब, फ्रीस्टाइल शतरंज में 2909 की रेटिंग के साथ, उन्होंने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। कार्लसन की इस सफलता पर उनकी पत्नी एला विक्टोरिया भी बहुत खुश हैं। मैग्नस कार्लसन ने फ्रीस्टाइल शतरंज में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने 2900 रेटिंग का आंकड़ा पार कर लिया है।क्लासिकल शतरंज में वह पहले कभी इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए थे। यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने फ्रीस्टाइल शतरंज में यह रेटिंग हासिल की है। कार्लसन पांच बार विश्व शतरंज चैंपियन रह चुके हैं। वह लगभग 15 सालों से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। क्लासिकल शतरंज में उनकी सबसे ज्यादा रेटिंग 2882 थी, जो उन्होंने मई 2014 में हासिल की थी।फ्रीस्टाइल शतरंज रेटिंग फ्रीस्टाइल चेस संगठन द्वारा जारी की जाती है। यह ऋळऊए द्वारा जारी नहीं की जाती है। शतरंज की दुनिया की सबसे बड़ी संस्था है। कार्लसन ने अपनी रेटिंग के बारे में मजाक करते हुए कहा, 'मेरी पत्नी (एला विक्टोरिया) अब मुझसे और भी ज्यादा आकर्षित हो रही है, क्योंकि मैंने 2900 का आंकड़ा पार कर लिया है।' फ्रीस्टाइल रेटिंग की गणना पांच टूनार्मेंटों के आधार पर की गई थी। इस लिस्ट में 578 खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले दो सालों में कम से कम एक फ्रीस्टाइल शतरंज टूनार्मेंट में हिस्सा लिया है। भारतीय खिलाड़ियों में प्रग्गनानंद 2773 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे कार्लसन (2909), हिकारू नाकामुरा (2818), और फैबियानो कारुआना (2804) हैं। अर्जुन एरिगैसी 2758 अंकों के साथ 8वें स्थान पर हैं।




चीन के झाओकिंग इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। बाढ़ का पानी उतरने के बाद लोगों ने भी सड़क की सफाई की। प्रशासन की टीम भी लगातार सफाई अभियान चला रही है ।

## शॉर्ट न्यूज

### शेख हसीना की बर्बादी का जश्न मनाएगा बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश में बीते साल छात्र आंदोलन के साथ शुरू हुई विरोध प्रदर्शनों की आग इतनी तेज भड़क गई कि प्रधानमंत्री शेख हसीना पर कुर्सी के साथ साथ देश छोड़ने की नौबत भी आ गई। हालांकि इसके बाद भी देश में हालात अब तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन देश में तनाव लगातार बना हुआ है। इस बीच बांग्लादेश सरकार ने 5 अगस्त को राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा की है। शेख हसीना ने इसी दिन देश छोड़ा था।गुरुवार को देश के सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार मुस्तफा सरवर फारूकी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी घोषणा की है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि फारूकी ने घोषणा की है कि अब से, इस दिन को वार्षिक अवकाश के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि यह जश्न जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ हुए विद्रोह की याद में उठाया मनाया जाएगा।महीनेभर का प्रोग्रामप्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, फारूकी ने बताया कि जल्द ही इसकी आधिकारिकसूचना जारी की जाएगी।

### कुछ भी कर लूं नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : डोनाल्ड ट्रम्प

**इस्लामाबाद/वॉशिंगटन।** पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया है। पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई। पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे पर ट्रम्प की मध्यस्थता के पेशकश की भी सराहना की और कहा कि जब तक कश्मीर का हल नहीं निकलता, तब तक क्षेत्र में स्थायी शांति नहीं आ सकती। हालांकि, ट्रम्प ने कहा, 'मैं कितने भी युद्ध रोक लूं, कुछ भी कर लूं, मुझे नोबेल नहीं मिलेगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध टालने, रूस-यूक्रेन और ईरान-इजराइल जैसे विवादों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें नोबेल पीस प्राइज नहीं मिलेगा।

यूक्रेन को लेकर पुतिन का बड़ा दावा


# जहां हमारे सैनिकों के पड़े कदम, वह जमीन हमारी

**मॉस्को ● एजेंसी**

**दावा**

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को तीन साल से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद अभी किसी के भी रुख में नरमी नहीं आ रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पूरा का पूरा यूक्रेन हमारा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी और रूसी लोग एक जैसे ही हैं। उन्होंने यूक्रेन के शहर सूमी पर कब्जे की बात से भी इनकार नहीं किया। सेंट पीटर्सबर्ग में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस ने कभी भी यूक्रेन के संप्रभुता के अधिकार को खारिज नहीं किया है। हालांकि जब 1991 में यूक्रेन ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया था तब वह एक तटस्थ देश था। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में यूक्रेन का रुख बदल चुका है। ऐसे में रूस खुद को बचाने के लिए ही यूक्रेन में लड़ाई लड़ रहा है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में जहां भी रूसी सैनिकों के कदम पड़ते हैं वह जमीन हमारी है।

बता दें कि पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी कहा कि रूस और यूक्रेन के लोग एक कभी नहीं हो सकते। पुतिन ने कहा कि रूस को सुरक्षित करने के लिए रूसी सैनिक सूमी इलाके में एक बफर जोन बना रहे हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि वही सैनिक सूमी पर नियंत्रण भी करेंगे। यूक्रेन के साथ संघर्ष और ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमलों से पश्चिम एशिया में



उत्पन्न नई उथल-पुथल के बीच रूस, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के बीच जल्द शिखर वार्ता की संभावनाओं को लेकर आशंकित है। रूसी सत्ता के केंद्र 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, ''जिन मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है, वे इतने जटिल हैं और उनमें इतनी बारीकियां हैं कि पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम करने की जरूरत है।''उन्होंने कहा, 'तभी इस कवायद के परिणामों को अंतिम रूप देने के लिए उच्चतम स्तरीय बैठक की संभावना पर चर्चा की जा सकेगी।'

पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ट्रंप दोनों इस बात पर सहमत हैं कि इस कार्य के परिणाम को तय करने के लिए किसी न किसी बिंदु पर उनकी मुलाकात अनिवार्य और आवश्यक होगी। पेसकोव ने कहा कि दोनों नेता फोन कॉल के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत करते रहते हैं। सेंट पीटर्सबर्ग फोरम में रूस के उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर पैनकिन ने कहा कि रूस और पश्चिमी देशों के बीच संबंधों में ''टकराव'' लंबे समय तक बना रहेगा।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने चेतावनी दी है कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर इजराइल के हमले के बाद दुनिया परमाणु तबाही के कगार पर है। जखारोवा ने कहा, ''हम सचमुच परमाणु आपदा से कुछ इंच की दूरी पर हैं। हमले जारी हैं। उन्हें सर्जिकल या लक्षित हमले कहा जा सकता है, लेकिन वे रेडियोधर्मी और परमाणु सामग्री रखने वाले प्रतिष्ठानों के बहुत करीब किए जा रहे हैं।

# इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट से मचा बवाल

**मॉस्को ● एजेंसी**

**बवाल**

### रूस में महिला कार्यकर्ता को 22 साल की सजा

रूस में एक महिला कार्यकर्ता को मॉस्को की सैन्य अदालत ने 22 साल की सजा सुनाई है। इनका नाम नादेज्दा रॉसिंस्काया है, जिन्हें नादिन गीजलर के तौर पर भी जाना जाता है। उन्होंने 'आर्मी ऑफ ब्यूटीज' नामक समूह चलाया, जिसने 2022-23 में रूसी नियंत्रण वाले यूक्रेन के हिस्सों में लगभग 25,000 लोगों की मदद की थी। रॉसिंस्काया को फरवरी 2024 में गिरफ्तार किया गया था और उन पर देशद्रोह व आतंकवादी गतिविधियों में सहायता का आरोप लगा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर यूक्रेन के अजोव बटालियन के लिए दान मांगने वाला एक पोस्ट शेयर किया था। इसे



लेकर भी वह प्रशासन की निगरानी में आ गईं। रॉसिंस्काया ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनके वकील ने कहा कि वह उस पोस्ट की लेखक नहीं थीं। स्वतंत्र रूसी मीडिया आउटलेट मीडियाज़ोना के अनुसार, अभियोजकों ने उनके लिए 27 साल की सजा की मांग की थी। इस पर रॉसिंस्काया ने अदालत से 27 साल और एक दिन की सजा देने की मांग की। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी सजा दार्या ट्रेपोवा से अधिक हो, जिन्हें 2023 में एक युद्ध समर्थक ब्लॉगर की हत्या के लिए बम देने के मामले में सजा दी गई थी। ट्रेपोवा की सजा रूस में किसी महिला को दी गई सबसे लंबी सजा थी। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से रूस में आतंकवाद, जासूसी और विदेशी राज्य के साथ सहयोग के लिए मुकदमों में तेजी आई है। रूसी वकीलों के संगठन पर्वी ओटडेल के अनुसार, 2024 में 359 लोगों को ऐसे अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया। रॉसिंस्काया का मामला रूस में मानवीय कार्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बढ़ते दबाव को दर्शाता है।

### वायुसेना के ठिकानों में सेंधमारी, विमानों को नुकसान

# अब यूके में फिलिस्तीनी समर्थकों ने मचाया उत्पात

**लंदन ● एजेंसी**

ईरान-इजरायल जंग की आंच लंदन तक पहुंच गई है। इजरायल के खिलाफ लंबे समय से विदेशी जमीं पर हल्ला बोल रहे फिलस्तीन समर्थकों ने अब लंदन में भी उत्पात मचाया है। फिलिस्तीन समर्थक पिछले दिनों ना सिर्फ लंदन के अतिसुरक्षित रॉयल एयर फोर्स बेस में घुस आए बल्कि उसके दो विमानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद ब्रिटिश पुलिस संदिग्ध फिलिस्तीनियों की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सेना सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रही है। इस बीच, 'फिलस्तीन एक्शन' समूह ने कहा कि इसके दो सदस्य आरएएफ ब्रिज नॉर्टन में घुसे और वायेजर विमानों के पास पहुंचने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर का इस्तेमाल किया। इन विमानों का उपयोग आसमान में अन्य विमान में ईंधन भरने के लिए किया जाता है। समूह के अनुसार, दोनों व्यक्तियों ने अग्निशामक यंत्रों की मदद से विमानों के टरबाइन इंजन पर लाल रंग छिड़क दिया तथा सरिया से और भी नुकसान पहुंचाया। समूह ने वीडियो फुटेज भी जारी किया है, जिसमें एक व्यक्ति को विमान के पास जाते और इंजन पर रंग छिड़कते देखा जा सकता है। समूह ने एक बयान में कहा, ''इजराइल सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद, ब्रिटेन सैन्य साजो सामान भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/इजराइली लड़ाकू विमानों को ईंधन भरना जारी रखे हुए है।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने बरेली से नौ लड़कियों को पकड़ा

# जींस-टॉप में भीख मांग रही युवतियों को देख पुलिस भी दंग

**बरेली ● एजेंसी**

**शिकायत**

यूपी के बरेली शहर में जींस-टॉप में भीख मांगती युवतियों को देख पुलिस भी दंग रह गई। इन युवतियों को देख कहीं से नहीं लग रहा था कि भीख मांगने के पीछे इनकी कोई मजबूरी हो सकता है। फिर ये भीख क्यों मांग रही हैं? कुछ राहगीरों ने पुलिस से इसकी शिकायत की तो पुलिस ऐक्टिव हो गई। युवतियां भीख क्यों मांग रही हैं यह जानने के लिए पुलिस ने इनसे पूछताछ की। पता चला कि प्राकृतिक आपदा के नाम पर एक



फार्म में नाम भरकर ये रुपए मांग रही थीं। पुलिस ने नौ युवतियों को हिरासत में ले लिया। उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। कल दोपहर आंवला-बदायूं मार्ग पर जींस-टॉप पहने ये युवतियां रास्ते में राहगीरों को रोक कर उनसे रुपए मांग रही थीं। ये युवतियां, एलपीएस कॉलेज के पास राहगीरों को रोककर पैसे मांग रही थीं। कुछ राहगीरों ने पुलिस से शिकायत की। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी नौ युवतियों को हिरासत में ले लिया।

युवतियां प्राकृतिक आपदा के नाम पर फॉर्म भरकर रुपये मांग रही थीं। पूछताछ में पता चला कि वह अहमदाबाद के थाना बटवा के दुर्गानगर की रहने वाली हैं। वह सभी अपने यहां बाढ़ आने का बहाना बनाकर एक फार्म पर लोगों से वसूली कर रही थीं। वे राहगीरों से 100-200 रुपए की मदद की गुहार लगा रही थीं। कुछ लोगों ने उनके भावनात्मक झांसे में आकर रुपए दे भी दिए। शक होने पर कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। युवतियों ने पुलिस को बताया कि वे गुजरात से आई हैं। इसके बाद पुलिस सभी को थाने ले गई। पुलिस ने वहां उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। उप निरीक्षक पूजा गोस्वामी, छोटेलाल तथा दयावती आदि टीम ने इन युवतियों को हिरासत में लिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि इन युवतियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)